


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 42 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 21 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया



## बाइक से ले जा रहे थे डोडाचूरा, दो युवक गिरफ्तार

### 38 किलो डोडाचूरा जब्त

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए बाइक सवार दो आरोपियों के कब्जे से 38 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि पिपलिया मंडी चौकी प्रभारी अभिषेक बोरासी को सूचना मिली थी की 2 आरोपी बाइक से अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी कर किसी देने देने जाने वाले हैं। मौके पर घेराबंदी की जाए तो आरोपी गिरफ्त में आ सकते हैं। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम बनाकर थाना क्षेत्र के बालागुड़ा-डूंगलावदा रोड पर नाकाबंदी करते हुए बाइक क्रमांक एमपी 14 एमएल 1017 को रोककर बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 28 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया गया।

आरोपियों ने अपने नाम महिपाल सिंह पिता दशरथ सिंह राजपूत निवासी अम्बाव थाना पिपलिया मंडी और मनीष पिता शिवलाल भील निवासी अम्बाव थाना पिपलिया मंडी का होना बताया। बरामद डोडाचूरा की कीमत 58 हजार 500 रुपए बताई गई है। दोनों आरोपी अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा कहां से लेकर आए थे और किसे देने जा रहे थे। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# खर्चा करोड़ों में, कमाई सिर्फ 66 लाख



## मानीनीयो की विधायकी चाहत से चकराता दिमाग

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** यूं तो निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव हेतु प्रत्याशियो के लिए 40 लाख रुपए खर्च सीमा तय की थी। लेकिन, यह खर्च करोड़ो में हुआ है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह सभी जानते हैं। कम से कम अनुमान भी लगाया जाए तो जिले में 8 करोड़ रुपया बाजार में आया। मतलब एक विधानसभा से दो करोड़ रुपया। मतलब एक प्रत्याशी का खर्च एक करोड़ रुपया। यह आंकड़ा कम जरुर है, लेकिन देश के प्रति श्रृद्धा को देखते हुए इससे ज्यादा आंकड़ा नहीं लिखा गया। अन्यथा यह करोड़ो में पहुंचता है। यहां सिर्फ प्रत्याशियों के एक करोड़ खर्च ही मानेंगे।

अब बात करें विधायकों की सैलरी की। पांच साल में विधायकों की सैलरी जोड़ी जाए तो करीब 66 लाख रुपए बनते हैं। मतलब 44 लाख लगाकर नेताजी समाज सेवा करने उतरे हैं। इससे ज्यादा देशभक्ति कहां देखने को मिलेगी? खैर विधायकी प्राप्त करने में ही माननीयों को मजे आते हैं। लेकिन, माननीयों के खर्च और उनकी कमाई को देखते हुए मजे या आनंद की गणना की जाए तो दिमाग चकराना वाजिब है।

### बूथ पर ही खर्च कर दिए 1.13 करोड़...

चुनावी खर्चे की बात करें तो एक साधारण सा हिसाब ही करोड़ो के खर्चो की जानकारी दे देगा। चुनाव वाले दिन प्रत्येक बूथ पर बैठने वाले कार्यकर्ता को ही औसत 5 हजार रुपए खर्च देना होता है। जिले की चारों विधानसभा में कुल 1133 मतदान केंद्र है। दोनों ही दल यदि अपने एक एक प्रतिनिधि को यहां बैठाता है तो केंद्रों पर कुल 2266 कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगेगी। प्रत्येक कार्यकर्ता पर 5 हजार रुपए खर्च के हिसाब से आंकड़ा करीब 1 करोड़ 13 लाख से ज्यादा हो जाता है।

### यह मिलती है विधायक को सैलरी...

मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर विधायकों को सेलरी कितनी मिलती है। जिसके लिए वह पिछले एक महीने से दिन रात एक किए हुए थे। तो जान लीजिए मप्र में एक विधायक को प्रतिमाह एक लाख 10 हजार रूपए सेलरी और विभिन्न भत्तों के रूप में मिलते हैं। इसके अलावा आवास, ट्रेन और हवाई यात्रा में छूट के साथ ही वाहन, मकान आदि खरीदने में भी रियायत मिलती है। कैबिनेट मंत्रियों को करीब 1 लाख 70 हजार और राज्य मंत्रियों को लगभग एक लाख 50 हजार प्रति माह मिलता है। इन्हें कार और अन्य सुविधाएं अलग से मिलती हैं। मुख्यमंत्री को प्रतिमाह दो लाख रूपए मिलते हैं। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष को 1 लाख 87 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है।

### विधायकों को अलग-अलग भत्ते...

भत्तों में 10.4 करोड़ रुपए यात्रा भत्ते के रूप में खर्च किए गए। चौकाने वाली बात यह है कि अप्रेल 2020 से मार्च 2021 के बीच लॉकडाउन और कोविड-19 अवधि के दौरान भी प्रदेश के विधायकों के यात्रा भत्ते पर कुल लगभग 89.9 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

### विधायकों के वेतन-भत्ते...

| | |
|---|---|
| 30 हजार | वेतन |
| 35 हजार | निर्वाचन क्षेत्र भत्ता |
| 10 हजार | वाहन भत्ता |
| 10 हजार | चिकित्सा भत्ता |
| 15 हजार | कंप्यूटर आपरेटर भत्ता |
| 10 हजार | लेखन सामग्री, डाक भत्ता |

**01 लाख 10 हजार कुल वेतन, भत्ता**

### समर्थक जुटे जोड़- घटाव में...

अभी चुनाव परिणाम नहीं आए हैं। लेकिन, संभावित माननीयों के समर्थकों ने विधायक को मिलने वाली सुविधाओं का जोड़-घटाव शुरू कर दिया है। किसी को मंत्री या विधायक को मिलने वाले बंगले में रहने की इच्छा है तो कोई उनका कार्यालय सहायक बनना चाहता है। इसकी सिफारिशें भी आना शुरू हो गयी हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर की बात करें तो ठेकेदार हो या बड़ा व्यवसायी नेताजी के जीत के बाद अपने फायदे के गणित ज्ञान लगाने में जुट गया है।

# अवकाश के बाद खुली मंडी में बंपर आवक





**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** करीब 11 दिनों बाद सोमवार को खुली कृषि उपज मंडियों में अच्छी आवक रही। व्यापारियों ने दीपावली के बाद पहली बार खुली कृषि मंडी में शुभ मुहूर्त के साथ कृषि उपज की खरीदारी शुरु की। मंदसौर कृषि उपज मंडी में करीब 35 हजार बोरी की आवक हुई। सबसे ज्यादा आवक सोयाबीन, लहसुन, प्याज की रही।

मंडी व्यापारियों के अनुसार लहसुन के उच्चतम भाव 19 हजार 500 रुपए तक रहे। जबकि, प्याज 3 हजार 600 तक बिका वही सोयाबीन 4 हजार 500 के उच्चतम दाम पर बिकी। इसके साथ ही अन्य जिंसों के भाव भी अच्छे रहे। बता दे कि दीपावली की छुट्टियां, चुनाव और बैंकिंग अवकाश के चलते 11 दिनों से कृषि उपज मंडियों में अवकाश घोषित किया गया था। छुट्टियां समाप्ति के बाद सोमवार को कृषि मंडियां खुली तो उपज की बम्पर आवक हुई।

# मौसम में बदलाव के साथ बढ़ने लगी बीमारियां



**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में सर्दी की आहट के साथ ही कई बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्दी-खांसी के साथ हार्ट के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। पिछले 10 दिन से तापमान में कमी आने से दिन में धूप और सुबह-शाम ठंड का अहसास होने लगा है। शहर के अस्पतालों में हार्ट की बीमारी लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। सर्दी होने से बीपी बढ़ने की समस्या भी सामने आने लगी है। ऐसे मरीजों की संख्या भी अस्पतालों में बढ़ी है। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने पर मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। पहले बुजुर्गों को हार्ट अटैक अधिक होता था। लेकिन अब युवाओं को भी हार्ट अटैक होने की समस्या होने लगी है।

सर्दी के दिनो में आमजन को यह ध्यान रखना चाहिए कि घबराहट के साथ छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ आना, पसीना आना। यह सभी लक्षण हार्ट अटैक के होते हैं। ऐसे में लोगों को तुरंत डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए। बीपी चैक कराना चाहिए और आवश्यक लगे तो ईसीजी करा लेना चाहिए।

### दिन के तापमान में भी गिरावट, रातें सर्द...

जिले ने ठंड में असर दिखाना शुरू कर दिया है, रातें सर्द होने लगी है। वहीं दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। जिले में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री और अधिकतम तापमान 31 डिग्री के आसपास बना हुआ है। आने वाले कुछ दिनों में तापमान करीब 14-15 डिग्री तक आएगा। इससे दिन के तापमान में भी कमी आएगी।

मौसम केंद्र इंचार्ज डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में तूफान 'मिधिली' उठा है। इसके कारण अगले एक हफ्ते तेज ठंड पड़ने की संभावना नहीं है। 24 या 25 नवंबर को उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच रहा है। इसके असर से 26 या 27 नवंबर को कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान है। खासकर पश्चिमी हिस्से में बारिश होने का अनुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में दिन-रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं रहेगा, लेकिन 28 नवंबर के बाद तेज ठंड पड़ सकती है।

# जमीन विवाद : दो पक्षों में जमकर मारपीट

### 13 लोग चोटिल, एक गंभीर घायल उदयपुर रेफर

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंट थाना क्षेत्र के गांव सिरखेड़ा में सोमवार सुबह बंजारा समाज के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। यह विवाद खेत पर जाने के रास्ते को लेकर हुआ। जिसमें 13 लोग चोटिल हो गए। एक गंभीर घायल हो उदयपुर रैफर किया गया है।

शुरुआत में गाली गलौज से शुरु हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष तक पहुंच गया। जिसमें दोनों ही पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस मारपीट में दोनों पक्षों के 13 लोग घायल हो गए। जिनमें एक पक्ष के 8 जबकि दूसरे पक्ष के 5 लोग शामिल हैं। वहीं इस मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राजस्थान के उदयपुर रेफर किया गया है। वहीं बाकी घायलों का नीमच के बड़े अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा भी नीमच अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों से चर्चा कर उनके इलाज की व्यवस्था को देखा। इतना ही नहीं सिरखेड़ा स्थित घटनास्थल पर भी एडिशनल एसपी सहित पुलिस अधिकारी पहुंचे और मौका मुआयना कर वैधानिक कार्रवाई की बात कही। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए गांव में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। बताया जा रहा है कि एक पक्ष खेत से पुराना रास्ता होने की बात कर रहा था। जबकि, दूसरे पक्ष का कहना था यहां रास्ता नहीं है।

# पुलिस ने सात जुआरियों को पकड़ा, 22 हजार से ज्यादा नकदी जप्त

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने बीती रात मुखबीर सूचना पर ताशपत्ति से हारजीत के दांव लगा रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से 22 हजार 800 रूपए जप्त किए हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह कनेश ने बताया कि रविवार की शाम मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग सरस्वती नगर की पाइप फैक्ट्री के निकट बैठकर खुले में ताश पत्ति का जुआ खेल रहे हैं। तुरंत आरोपियों पर दबिश देकर कार्रवाई की जा सकती है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने टीम



बनाकर कोतवाली थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर पाइप फैक्ट्री के निकट मैदान में ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए हार जीत का दाव लगा रहे जुआरियो को पकड़ा। आरोपियो में मंदसौर के भोईवाड़ा निवासी विनोद पिता चोइथराम कहार, प्रकाश पिता अमृतराम कहार, अशोक पिता भगीरथ कहार, मुकेश पिता भागीरथ कहार, अनवर खान पिता जमील खान पठान, इस्माइल खान पिता नन्ने खां मेवाती निवासी अलावाद खेड़ी और प्रकाश कहार निवासी बड़ी पुल मंदसौर शामिल है।

# मंदिर प्रांगण में मिला शव, बेटे ने लगाया हत्या का आरोप

**पिपलिया मंडी, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कनघट्टी मार्ग स्थित पावागढ़ माताजी मंदिर परिसर में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मृतक के बेटे ने पिता की हत्या का आरोप लगाकर जांच की मांग की। जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रात: 9 बजे करीब पावागढ़ माताजी मंदिर परिसर में नेनोरा निवासी दिलीप पिता श्यामलाल नायक उम्र 50 वर्ष का शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, परिजनों को सूचना दी व शव को पीएम के लिए भिजवाया। मृतक के पुत्र अर्जुन ने आरोप लगाया कि पड़ोसी महिला से लम्बे समय से विवाद चल रहा है, उसने मेरे पिता की हत्या करवाने की धमकी दी थी। पूर्व में भी मेरे पिता के साथ मारपीट कर पैर तोड़ दिया था। घटनास्थल पर भी मेरे पिता के शरीर से खून के निशान थे।

प्रथम दृष्टया हत्या का मामला सामने नही आया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति क्लियर होगी। पुलिस जांच जारी है।

**नीरज सारवान, निरीक्षक थाना पिपलिया मंडी**

## नापतौल विभाग की शिथिल कार्य प्रणाली के कारण...

# दीपावली पर 800 रुपए किलो बिके गत्ते के डिब्बे

## ग्राहकों को लगी लाखों की चपत



**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली के त्यौहार पर ग्राहकों को मिठाई की दुकान पर पचास रुपए तक का फटका लगाया गया। शहर की मिठाई दुकानो, होटलों व रेस्टोरेंट में डिब्बों के साथ मिठाइयां तौलकर ग्राहकों को बेची गई। एक किलो मिठाई के साथ मिलने वाले डिब्बे का वजन लगभग 50 से 80 ग्राम तक है। जिसके चलते ग्राहकों को प्रति किलो मिठाई खरीदी पर 40 से 80 रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। बावजूद इसके नापतौल विभाग ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

त्योहारी सीजन को लेकर शहर में छोटी-बड़ी कुल 40 मिठाई की दुकानें संचालित हो रही हैं। जहां मिठाई के तौल में खरीदारों को तगड़ी चपत लगाई गई। दुकानदारों ने डिब्बों के साथ मिठाई तौलकर बेची। जिससे ग्राहकों की जेब पर जबरन का बोझ बड़ा। सीजन में 400 से 1 हजार रुपए प्रति किलो में मिठाई बेची गई। ग्राहक दुकान पहुंचकर मिठाई की मांग करता है तो दुकानदार मिठाई के साथ डिब्बे का तौल कर ग्राहक को मिठाई बेच देता। उस खाली डिब्बे का वजन ही 50-70 ग्राम होता है। यानी खाली डिब्बा भी 400 से 1 हजार रुपए किलो मिठाई के भाव बिका। इससे ग्राहकों को लगभग पचास रुपए की चपत लगी।

### 20 हजार किलो मिठाई की खपत...

सरकारी आंकड़े व जानकारी के मुताबिक शहर में करीब 20 हजार परिवार है। यदि प्रत्येक परिवार दीपावली के इस त्योहारी सीजन में मिठाई खरीदते हैं तो 20 हजार किलो मिठाई की खपत हुई। यदि इसी तरह ग्राहकों को 60 ग्राम के डिब्बों में मिठाई तौलकर बेचा गया तो फिर दुकानदारों की चांदी ही चांदी हुई। वहीं ग्राहकों को जाने-अनजाने में काफी नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही।

### पांच सौ से 1 हजार रुपए तक का जुर्माना...

नियम के मुताबिक इस तरह तौल में हेराफेरी कर मुनाफा कमाने वालों पर जुर्माने का प्रावधान तो है। लेकिन, जांच के अभाव में दुकानदार बचते आ रहे हैं। विभागीय नियमों के अनुसार ऐसे दुकानों को एक हजार रुपए से लेकर 500 रूपए तक का जुर्माना हो सकता है। लेकिन, नापतौल विभाग के अधिकारी दीपावली जैसी बड़ी सीजन में भी इस ओर ध्यान नहीं दे देते। जिसका फायदा दुकानदारों द्वारा हमेशा से उठाया जा रहा है।

# समय पर शुरु हो पशुपतिनाथ मेला, विधायक ने किया प्रयास

## अभी भी अनुमति की दरकार, नपा कर्मियो ने ग्राउंड की मेपिंग की

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ मेला आचार संहिता के चलते उलझा हुआ है। निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने को लेकर कहीं न कहीं नपाधिकारियों ने लापरवाही बरती। इधर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर लगने वाले कार्तिक मेले के मौके पर व्यापारी झूला चकरी लेकर मेला ग्राउंड में पहुंच चुके हैं। कल देवोत्थान एकादशी से परपंरागत मेले की शुरुआत होना है। अब विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य निर्वाचन अधिकारी से बात की है।

### पाटोत्सव के साथ शुरु होता है मेला...

श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में पाटोत्सव के साथ ही नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्तिक मेला भी शुरू हो जाता है । कार्तिक पूर्णिमा को शिवना नदी में हजारों श्रद्धालु परिवार के साथ दीपदान करने पहुंचते है। दीपदान के साथ ही श्रद्धालु मेले का आनन्द भी



नगरपालिका के इंजीनियरों व राजस्व विभाग की टीम ने मेला ग्राउंड की मेपिंग की

उठाते है। कार्तिक एकादशी 23 नवंबर को है। लेकिन, नगर पालिका ने इस और ध्यान नहीं दिया। इस लिहाज से इस बार पशुपतिनाथ पाटोत्सव के साथ मेला शुरू होने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। मामले में नगर पालिका सीएमओ सुधीरसिंह का कहना है कि हमने निर्वाचन आयोग से आचार संहिता से पहले ही पत्र लिखकर मेले की अनुमति मांगी थी। लेकिन, अब तक अनुमति नहीं मिली है। मेरे हाथ मे पत्र लिखना ही था। अनुमति देना निर्वाचन अधिकारी के हाथ में है।

### विधायक ने कराया आयुक्त को अवगत...

विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने दूरभाष पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव से चर्चा की और व्यापारियों की कठिनाई दूर करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ का 20 दिवसीय मेला भव्य स्वरूप में प्रतिवर्ष लगता है। इस मेले में दूर-दूर से व्यापारी व्यवसाय के लिए आते हैं। मंदसौर नगर ही नहीं अपितु पूरे जिले भर और आसपास के ग्रामीण अंचल समेत समीप के राजस्थान के लोगों को भी पशुपतिनाथ मेले का इंतजार रहता है। देवउठनी एकादशी से यह मेला प्रारंभ होता है और कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेला अपने भव्य स्वरूप में दिखाई देने लगता है। श्री सिसोदिया ने कहा कि देवउठनी एकादशी में अब सिर्फ दो दिन का ही समय बचा है। लेकिन, अब तक चुनाव आयोग से मेले की अनुमति नहीं मिलने के कारण नगर पालिका मेले की तैयारी नहीं कर पा रही है। जिसके कारण बाहर से आने वाले व्यापारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी अब तक अपनी दुकान नहीं जमा पाए हैं। श्री सिसोदिया ने मेले की अनुमति और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अनुपम राजन से भी दूरभाष पर चर्चा की और आग्रह किया कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में लगने वाले कार्तिक मेले को अनुमति दी गई है। इसी तरह मंदसौर में भी आस्था के केंद्र बिंदु भगवान पशुपतिनाथ के मेले को अनुमति दी जानी चाहिए। यह जन-जन की अपेक्षा है।

बता दे कि लगभग 55 वर्षों से मंदसौर में दीपावली के 11 दिन बाद देव प्रबोधिनी एकादशी पर 20 दिवसीय कार्तिक मेला लगता है। इसी दौरान कार्तिक पूर्णिमा पर शिवना में दीपदान भी होता है। इसमें मंदसौर, नीमच, जावरा, प्रतापगढ़, सीतामऊ, शामगढ़, सुवासरा सहित अन्य क्षेत्रों से काफी लोग आते है। वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण मेला नहीं लगा था। इसके चलते व्यापारियों का आर्थिक नुकसान हुआ था। मेले के सांस्कृतिक मंच पर भी काफी अच्छे कलाकार भी आते रहे हैं। वर्ष 2019 में मेले का आयोजन हुआ था। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए थे। मेले में लगभग 20-30 करोड रुपये का कारोबार होता है। 2020 में कोरोना के चलते मेला नहीं लगा था। वहीं 2021 में भी सांस्कृति कार्यक्रम नहीं हुए थे। लेकिन, पिछले वर्ष 2022 में मेला अपने भव्य स्वरूप में लगा था।



## बड़े बालाजी मंदिर में आज अन्नकूट महोत्सव

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुराने बस स्टेण्ड स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर में आज 21 नवम्बर, मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया जायेगा। इस दौरान बालाजी का आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज मंगलवार को सायं 6.30 बजे चौथमल शर्मा मोती रेस्टोरेंट एवं दिनेश मेनारिया परिवार के सहयोग से महाआरती होगी तत्पश्चात् अन्नकूट का भगवान बालाजी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित की जाएगी। मंदिर समिति ने सभी बालाजी भक्तों से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने व प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

## अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज मंदसौर द्वारा आज 21 नवम्बर, मंगलवार को सायं 6 बजे से कैलाश मार्ग स्थित सेन कृष्णानंद मंदिर परिसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए गुजराती सेन युवा संगठन के नगर अध्यक्ष दयाराम चौहान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज का अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन आज मंगलवार को होगा। जिसमें सायं 6 बजे महाआरती का आयोजन होगा तत्पश्चात् अन्नकूट का भोग भगवान को लगाकर अन्नकूट प्रसाद वितरित की जाएगी। गुजराती सेन युवा संगठन ने सभी समाजजनों से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गॉड ब्राह्मण समाज जगदीश मंदिर पंचायत एवं न्यास के तथावधान में समाज का दिवाली मिलन समारोह खुशनुमा वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं की रंगोली स्पर्धा हुई।भगवान जगदीश की महाआरती की गई।और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध जनों का सम्मान भी किया गया जिनमें सर्वश्री आनंदीलाल तिवारी, श्याम कुमार चौबे, बालकृष्ण दुबे, मोहनलाल जोशी, रामकुमार शर्मा तथा बुजुर्ग मातृशक्ति को शाल श्रीफल भेंटकर दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जगदीश मंदिर पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा न्यास अध्यक्ष पंडित कुबेर कान्त त्रिपाठी, तथा समाज के वरिष्ठ जन रूपनारायण जोशी, डॉ. देवेंद्र पुराणिक नंद किशोर शर्मा, सत्यनारायण पंचारिया, राधेश्याम शर्मा पार्टनर, पं.देवेश्वर जोशी, महेश शर्मा, डॉ. दिनेश तिवारी, गोपाल भट्ट, रमेश चंद्र शर्मा, कृष्ण चंद्र शर्मा, बाबा पंचोली, अनिल पुरोहित, जितेंद्र पंचोली, प्रद्युम्न शर्मा, कमलेश पंचारिया, राहुल त्रिपाठी, जगदीश शर्मा, जगदीश लाड़, महेश शर्मा पप्पू, हेमन्त शर्मा, पं, गोपाल पंचारिया, भेरूलाल शर्मा, ओंकार लाल शर्मा, सुरेश द्विवेदी एड, शरद द्विवेदी एड. अजय तिवारी, राजेंद्र चाष्टा, राजेन्द्र शर्मा, कृष्ण वल्लभ त्रिपाठी, आलोक शर्मा, पं.मुकेश उपाध्याय, पं. नवीन जोशी, सुनिल पंचारिया गोविन्द जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, कपिल शर्मा, हेमन्त तिवारी, मुकुंद जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन बच्चे बुजुर्ग युवा उपस्थित थे। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार सचिव सुरेन्द्र त्रिवेदी ने माना।

## छह आरोपियों को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दारा राज्यल सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अनावेदक प्रसन्न पिता कन्हैयालाल भाटी निवासी भाटखेडी नाका मनासा थाना मनासा, अनावेदक लाला उर्फ लालचंद पिता दुधमल भोई निवासी भाटखेडी नाका मनासा थाना मनासा एवं अजय पिता कैलाश सोनी निवासी चुडी गली नीमच थाना नीमच केंट, को सदाचार बनाये रखने के लिए 6 माह तक सप्ताह में दो दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। इसी तरह अनावेदक शाकीर पिता अख्तंर हुसैन निवासी मोमीन मोहल्ला बडी होली जावद थाना जावद, मुकेश पिता रोडी लाल खटीक निवासी सूरज कॉलोनी नयागांव थाना जावद, अनावेदक श्यामसिह पिता परतेसिह राजपूत निवासी चीताखेडा थाना जीरन को सदाचार बनाये रखने के लिए 3 माह तक सप्तायह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दाडरा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।



# राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयोजन में एवं जिला कराते एसोसिएशन मंदसौर के तत्वाधान में चैथी राज्य स्तरीय फुल कॉन्टैक्ट कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ मंदसौर के मनमोहन वाटिका रिसोर्ट में हुआ। लगातार सफल आयोजन की कडी में 6 व 7 नवंबर 2023 दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग श्री विजेंद्र जी देवड़ा ने किया एवं प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सभी कोच मैनेजर, रेफरी एवं ऑफिशल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सभी अतिथियों ने प्रतियोगिता कार्यक्रम में सहभागीता कर आयोजन को सराहा। कार्यक्रम के अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष मंदसौर बृजेश जी जोशी , एडीफाई स्कूल के चेयरमेन विजय जी सुराणा, डॉक्टर अजय जी व्यास अजय हॉस्पिटल के संचालक एवं मालवा क्षेत्र के प्रख्यात सर्जन, लायंस क्लब जॉन के चेयरमेन मंदसौर जिले के प्रख्यात सी ए श्री विकास जी भंडारी, वरिष्ठ पत्रकार श्री लोकेश जी पालीवाल, श्री उमेश जी नेक्स, रक्तदान के क्षेत्र में मंदसौर का नाम पूरे देश में रोशन करने वाले मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर हिमांशु जी यजुर्वेदी, पत्रका श्री सचिन पारिख, मंदसौर जिले के प्रसिद्ध डॉक्टर सौरभ जी पांडे , समाजसेवी मुरैना से पधारी श्रीमती गीता जी कुशवाह, संस्था के व्यवस्था श्री प्रभारी विजय जी कोठारी प्रतियोगिता संयोजक गगन जी कुरील मंचासीन थे। प्रारंभ में अतिथियो का स्वागत सर्व श्री विजय कोठारी, गगन कुरील, सैययद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे, अशोक गहलोत, दिनेश चंदवानी, दुर्गेश बेलानी, यशवंतसिह राठौर, कमलेश डोसी, धर्मेन्द्र सिंह रानेरा, घनश्याम पुरोहित शाहीद हुसैन, हितेश सालवी श्रीमती धमेन्द्र कुमारी, बाघेलवाल आदी ने किया। स्वागत उद्बोधन संस्था के व्यवस्था प्रभारी विजय जी कोठारी ने किया संचालन प्रतियोगिता संयोजक श्री गगन कुरील ने किया व आभार संस्था सचिव सैयद आफताब आलम ने माना।

# दीपावली पर्व की रोशनी जीवन में सद्गुणों का संचार करती है

## आध्यात्मिक चेतना अभियान का दीपावली शुभकामना समारोह सम्पन्न



**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा दीपावली शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहन विधुतलता ने कहा कि दीपावली पर्व की रोशनी जीवन में सद्गुणों का संचार करती है। पांच दिवसीय दीपावली पर्व स्वास्थ्य, समृद्धि, पर्यावरण, जीव दया, प्रेम सद्भाव, सद्गुणों व प्रभु भक्ति का संदेश देते है। आपने कहा कि पर्व का उत्साह निरंतर बना रहे व जीवन का परिष्कार करे इसी में सार्थकता है।

वरिष्ठ गांधीवादी विचार प्रकाश रातड़िया ने कहा कि दीपावली पर्व असत्य से सत्य की ओर तथा अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा है। काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार, कषाय है जो अंधकार है इसे जीवन से हटाना और मानवीय मूल्यों व संवेदनाओं को अंगीकार करना दीपावली पर्व की उपलब्धि बन सकते है। सेंट थॉमस स्कूल के प्रधान फादर लॉरेंस ने कहा कि दीपावली पर्व का उजास भगवान श्री राम के जीवन के सद्गुणों को अपनाने का संदेश देता है। सभी धर्मों में प्रेम व सेवा का उपदेश दिव्य आत्माओं ने दिया है। प्रेम व भाईचारा अपनाकर ही इसे जीवन के लिये उपयोगी बना सकते है। वरिष्ठ साहित्यकर श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि पर्व सामाजिक समरसता के आधार हैं अकेलापन आज की त्रासदी बन गई हैं त्योहारों के माध्यम से सामादायिकता इसका उपचार है। श्री ऋषियानंद आश्रम के प्रभारी श्री कन्हैयालाल पण्ड्या, सत्यसाई प्रवक्ता श्री प्रकाश दीक्षित, श्री विनोद शर्मा एडवोकेट, विधि व्याख्याता श्री सुनील बड़ोदिया ने विचार रखे। श्री अभय जैन, श्री प्रमोद खीरे, श्री कैलाश टांडी ने भजन प्रस्तुत किये। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने स्वागत भाषण दिया। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने किया। आभार प्रदर्शन स्वागताध्यक्ष डॉ. रविन्द्र जोशी ने किया। श्री विक्रम विद्यार्थी, श्री श्याम चौबे, श्री प्रकाश कल्याणी, श्री राजेन्द्र छाजेड़, श्री हरिश दवे, श्री दशरथ राठौर सहित गणमान्य महानुभावों ने सहभागिता की।



## गोपाष्टमी पर गौ माता पूजन किया

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जय गणेश परिवार की पहल जीव सेवा विकास अभियान की पावन श्रृंखला में लेवडा गौशाला में पहुंचकर मातृशक्ति ने गोपाष्मी के पावन उपलक्ष्य में गौ माता का आरती पूजन किया। गौ माता को हरी घास गुड़ खिलाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जीव सेवा विकास अभियान की कौशल्या काबरा की उपस्थिति में गोपाष्मी पर कई मातृशक्तियों ने गौशाला में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की प्रिय गौ माता की पूजा अर्चना की। गौमाता को हरी घास का आहार खिलाया। इस अवसर पर कौशल्या काबरा, मनोरमा गट्टानी, वंदना मंत्री , श्रीमती तारा शारदा, पुष्पांजलि मालू, मधु तोतला, विद्या काबरा, सारथी मनीष दिनेश मालवीय, हिंगोरिया सहित अन्य गणमान्य गौ सेवक उपस्थित थे।

# सात वर्षीय बालक को श्वान ने नोचा

## जिला अस्पताल पहुंच रहे प्रतिदिन 50 पीड़ित



**रतलाम, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को सज्ञनविहार कालोनी में सात वर्षीय बालक को श्वान ने नोच लिया। आसपास के लोगों ने बालक को श्वान से छुड़वाया और जिला अस्पताल ले जाकर उपचार करवाया। जिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 50 लोगों को श्वान के काटने के चलते एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। रविवार सुबह करीब 10:30 बजे सज्ञनविहार कालोनी में सात वर्षीय बालक दक्ष पुत्र प्रतापसिंह पर श्वान ने हमला कर दिया। इससे यश के चेहरे व हाथ पर घाव हो गए। रहवासियों ने श्वान को भगाया और यश को अस्पताल ले गए। रहवासी समिति के अध्यक्ष बालमुकंद योगी ने बताया कि नगर निगम अमला श्वानों की धरपकड़ नहीं कर रहा है। इससे बच्चों व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा है। मालूम हो कि नगर निगम ने पूर्व में जयपुर की फर्म को ठेका देकर 5000 श्वानों का बधियाकरण करवाया था। इसके बाद नए सिरे से प्रक्रिया की गई, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। शहर में 10 से 20 श्वानों के झुंड सड़कों पर घूमते रहते हैं। प्रतिदिन दो या तीन लोगों को श्वानों के हमले का शिकार होना पड़ रहा है।



# मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह प्रेम गार्डन पर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की तथा अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्र-छात्राओं को शिल्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र ब्रिजवानी ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा प्रथम बार दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। इस तरह के आयोजन से संगठन में एकता का सृजन होता है। आपने आशा व्यक्त की कि आगे भी सभी एक दूसरे से संगठनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। इस दौरान एसोसिऐशन की आगामी रूपरेखा के लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में एसोसिऐशन उपाध्यक्ष अनिल सुराह, कोषाध्यक्ष लखन बड़ोलिया, महामंत्री अमित परमार, सदस्य विक्रम ब्रिजवानी, राकेश दुबे, विशाल शर्मा, विनोद ब्रिजवानी, मुकेश कनेसरिया, अखिलेश शर्मा, कुणाल कश्यप, मिन्टू झलोया, उमेश कुमावत, कल्पेन्द्र कुमावत, विशाल ब्रिजवानी, केतन प्रजापत, नीतिन शर्मा, हीरालाल कहार, विकास ब्रिजवानी, किशन कहार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लखन बड्रोलिया ने किया एवं आभार अनिल सुराह ने माना।

**✻ उठावना ✻**



हमारे अनुज संजय, दिनेश, महावीर, निलेश, राकेश, रितेश, अंकित एवं आयुष के चाचाजी श्रीमान ओमप्रकाश जी गर्ग सुपुत्र स्वर्गीय बापुलाल जी गर्ग का आकस्मिक निधन 19 नवंबर को हो गया है, जिनका उठवाना मंगलवार 21 नवंबर को प्रात: 11:00 बजे फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला (हीरा की बगीची) नई आबादी मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻शोकाकुल✻✻✻**
**राजमल सुरेश चंद्र गर्ग**
**✻विशेष-महिलाओं एवं पुरुषों की बैठक प्रतिदिन सांय 7:00 बजे से 8:00 बजे तक निज निवास गीताश्री माल गोदाम रोड दशरथ नगर के पास रहेगी।**

## दो आरोपी जिला बदर

**नीमच, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्ट्र एवं जिला दण्डानधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य9 सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत दो आरोपियों को तीन एवं छह माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी मिथून पिता कैलाश बावरी निवासी ग्राम गायरी मोहल्लार सुवाखेडा थाना जावद को 3 माह एवं आरोपी विष्णुर पिता दुधमल भोई निवासी भाटखेडी नाका मनासा थाना मनासा को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त दोनो आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्वश सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व, सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

## मनासा पुलिस को मिली बड़ी सफलता....

# महिला के पति व प्रेमी ने की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

**मनासा, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अमित तोलानी द्वारा अपराधो पर नियंत्रण एवं गुमइंसान महिलाओं की पतारसी व अपराध निराकरण करने हेतु सभी थाना प्रभारियो, चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री एनएस सिसोदिया व एसडीओपी महोदय मनासा श्री विमलेश उईके के कुशल मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में मनासा पुलिस टीम द्वारा थाना मनासा के गुम इंसान क्रमांक 95/23 में गुमशुदा बालीबाई पति हरलाल भील उम्र 43 साल निवासी ग्राम बख्तुनी की नरकंकाल के रूप मे मिली लाश के प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए महिला के पति एवं उसके प्रेमी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 17.10.23 को सुचनाकर्ता पप्पुलाल पिता हरलाल भील ने पुलिस चौकी कंजार्डा अपने मामा सत्तु भील के साथ उपस्थित होकर सुचना दी कि दिनाक 07.10.2023 को मेरी माँ बालीबाई के साथ मेरे पिता हरलाल भील ने रात्रि में झगडा मारपीट की थी जो मेरी माँ रात्रि में बिना बताये घर से कही चली गई है आसपास तलाश करने पर नही मिलने पर आज दिनांक 17.10. 2023 को पुलिस चौकी कंजार्डा उपस्थित होकर मेरी माँ बालीबाई के गुमने की रिपोर्ट करता हूँ। रिपोर्ट पर से गुम इंसान क्रमांक 95/2023 दिनांक 17.10.23 कायम कर जाँच में लिया गया व पुलिस चौकी कंजार्डा टीम द्वारा गुमशुदा बालीबाई की पतारसी के भरसक प्रयास किये गये। दिनांक 15.11.23 को ग्राम बख्तुनी, से सुचना मिली की देवनारायण मंदिर के पिछे पेड़ु जंगल में पत्थर की दिवार (कोट) हें अन्दर एक प्लास्टिक का पोटला दबा है जिसमें से बदबू आ रही है सुचना पर से तत्काल पुलिस कंजार्डा मौके पर पहूँची, संदेही पोटले को पंचानो के समक्ष खोलकर देखा जिसमें एक मानव कंकाल बिना मॉस चमडी का मिला, कंकाल के साथ दो प्लास्टिक के कट्टे, एक लेहगा, ब्लाउज, माचा खाट की निवार का टुकडा व प्लास्टिक पाल म लिष्टे मिला शव कंकाल की पहचान हेतु मोवाईल फौटो लेकर समस्त वाटसअप ग्रुप में डाला गया व- हाजिर लोगो को पहचान हेतु बताया इतने में गुम इंसान बालीबाई के पीहर पक्ष से भाई सत्तु पिता रामलाल, विशु पिता रामलाल आदी व्यक्ति मौके पर आये सत्तु भील शव के साथ मिले लेहगा, व ब्लाउज से एक माह पूर्व गुमी हुई बालीबाई के रूम में पहचान की गई एवं जीजा हरलाल पिता नंदलाल भील निवासी बख्तुनी द्वारा बहन बालीबाई को एक माह पूर्व मारकर प्लास्टिक के कट्टे में भरकर पाल में लपेट कर निवार से लपेट कर रात्रि में पेडु जंगल में पत्थर की दिवार, कोट में छुपाने की शंका जाहिर की पुलिस चौकी कंजार्डी टीम द्वारा संदेही हरलाल भील की धरपकड हेतु अलग अलग टीमे रवाना की गई दिनांक 18.11.23 को पुलिस टीम कंजार्डा चौकी द्वारा संदेही हरलाल भील को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जिसने पत्नि के प्रेमी चंदा उर्फ चंदु उर्फ फुलचंद पिता कैरा भील उम्र 33 साल निवासी बख्तुनी के साथ मिलकर रात्रि में चंदु भील द्वारा पत्नि बालीबाई के साथ अवैध संबंध बनाते देखने पर पति हरलाल द्वारा कुल्हाडी के लकडी के हत्थे से सिर में उसके पति द्वारा मार दी थी लाश को ठिकाने लगाने की योजना प्रेमी चंदु उर्फ चंदा भील ने हरलाल भील के साथ बनाकर अपने घर से प्लास्टिक के दो कटटे माचा (खाट) की निवार का टुकडा, प्लास्टि की पाल लेकर आया जिसमें लाश को लपेट कर निवार से बाधकर कंधे पर उठाकर रात्रि में दोनो ने मिलकर पैदल पैदल ले जाकर पेडु जंगल देवनारायण मंदिर के पिछे ग्राम बख्तुनी जंगल में पत्थर बनी दिवार में रखकर उपर पत्थर रखकर छिपा दिया तथा घटना दिनांक से दोनो आरोपी गाँव से फरार हो गये थे गिरफ्तार आरोपी हरलाल भील से अपनी पत्नि बालीबाई के प्रेमी चंदु उर्फ चंदा भील कर पूछते उसके ससुराल गुडडा खेड़ा थाना जावदा जिला चित्तोडगढ राजस्थान रहना बताया तत्काल पुलिस चोकी कंजार्डा टीम द्वारा आरोपी प्रेमी चंदु उर्फ चंदा भील को उसके ससुराल से गुडडाखेडा से गिरफ्तार कर लिया जिससे घटना के बारे में पूछताछ करते बालीबाई के पति हरलाल भील के साथ बालीबाई को एक माह पूर्व रात्रि में हत्या कर पत्थर की दिवार (पत्थर कोट) में छिपाना स्वीकार किया दोनो आरोपियो को दिनांक 19.11.2023 माननीय न्यायालय मनासा पेश करने किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियो को जिला जैल कनावटी भेजा गया।

# आईसीसी ने टीम ऑफ द टूर्नामेंट का किया ऐलान

## 11 में से छह भारतीय खिलाड़ियों को मिली जगह, रोहित को कप्तानी

**नई दिल्ली, 20 नवम्बर।** आईसीसी ने वर्ल्ड कप 2023 खत्म होने के बाद टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया है। इस टीम में खास बात यह रही कि 11 मेन प्लेयर में से छह भारतीयों को जगह मिली है। इसके अलावा कप्तानी भी इस टीम की रोहित शर्मा को सौंपी गई है। जबकि साउथ अफ्रीका के युवा गेंदबाज जेराल्ड कोएटजे को 12वां खिलाड़ी बनाया गया है। जबकि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम के दो खिलाड़ी ही इसमें शामिल हैं।



**यह 6 भारतीय खिलाड़ी शामिल-** इसके अलावा न्यूजीलैंड, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के एक-एक खिलाड़ी को जगह मिली है। अगर भारतीयों की बात करें तो रोहित कप्तान बनाए गए हैं तो केएल राहुल व विराट कोहली को बतौर मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज चुना गया है। इसके अलावा गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को जगह मिली है। भारतीय टीम के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि 11 में से छह खिलाड़ियों को चुना गया है।

**यह है आईसीसी प्लेयर आफ दि टूर्नामेंट-** रोहित शर्मा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, विराट कोहली, डैरिल मिचेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रवींद्र जडेजा, एडम जैम्पा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, दिलशान मधुशंका, जेराल्ड कोएट्जे (12वें खिलाड़ी)।

# मालवा भ्रमण पर रवाना हुए भगवान महादेव

## ओंकारेश्वर मंदिर में 15 दिन चौसर-पांसे और झूला नहीं सजेगा

**खण्डवा/ओंकारेश्वर, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान ओंकारेश्वर 15 दिन के लिए सांकेतिक रूप से मालवा भ्रमण पर सोमवार को रवाना हुए। इस दौरान ज्योतिर्लिंग मंदिर में शयन आरती में चौसर और पांसे नहीं बिछेंगे। गर्भगृह में झूला भी नहीं सजेगा। मान्यता है कि साल में एक बार भगवान अपने भक्तों को दर्शन देने स्वयं भ्रमण पर जाते हैं। मंदिर ट्रस्ट के पंडित आशीष दीक्षित ने बताया कि भगवान के भ्रमण पर जाने की कई मान्यताएं हैं। ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट की कृषि भूमियां और संपत्ति अन्य जिलों में भी हैं। प्राचीन काल में इनकी देखरेख के लिए सेवादार जाते थे। ऐसा माना जाता था कि स्वयं भगवान भी इस दौरान भक्तों को दर्शन देने के लिए भ्रमण करते हैं। सोमवार को यात्रा पर जाने से पूर्व परंपरा अनुसार मोटे आटे और गुड़ की सुपडी प्रसादी का प्रात: भगवान को भोग लगाया गया। ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर स्थित सभी मंदिरों में भगवान को चोले चढ़ाकर श्रृंगार किया गया। भगवान



गणेश के पूजन के बाद भगवान मालवा के लिए रवाना हुए।

**माता पार्वती के साथ ओंकारेश्वर में रात्रि विश्राम करते हैं भगवान भोलेनाथ-** मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती रात्रि में ओंकारेश्वर में ही रात्रि विश्राम करते हैं। वे रात्रि में यहां चौसर खेलने के साथ ही झूला भी झूलते हैं। अष्मी को मालवा भ्रमण पर जाने के कारण 15 दिन न तो भोग लगेगा और न ही शयन आरती में चौसर-पासे बिछेंगे। वहीं रात्रि विश्राम के लिए झूला नहीं सजाया जाएगा।

## मोटर चोर गिरोह सक्रिय, 4 मोटर चोरी

**पिपलियामंडी, 20 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में विद्युत मोटर चोर सक्रिय है। गांव थड़ोद व हरिपुरा में विद्युत मोटर चोरी के मामले सामने आए। थड़ोद निवासी दिनेश पिता तुलसीराम धनगर व दिनेश पिता मांगीलाल मेघवाल ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि उनके सोनिक बायोकेम फेक्ट्री के पीछे स्थित कुए में लगी दो विद्युत मोटर केबल सहित चोरी कर ले गए। इसी तरह हरिपुरा निवासी सीताराम पिता उंकारलाल मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई क गांव में स्थित कुए से अलग-अलग दिनों में 2 विद्युत मोटर चोरी हो गई। केबल, स्टार्टर भी चोर ले गए। पुलिस ने दोनों मामले संज्ञान में लिए।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in